दैनिक सामयिकी: ०९.०७.२०२१

मत्स्य कृषकों के लिए "मत्स्य सेतु"

चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने **ऑनलाइन पाठ्यक्रम मोबाइल ऐप** "मत्स्य सेतु" लॉन्च किया।
- 'मत्स्य सेतु' ऐप को **ICAR-केंद्रीय मीठाजल जीवपालन अनुसंधान संस्थान (ICAR-CIFA), भुवनेश्वर** द्वारा **राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (NFDB), हैदराबाद** के वित्त पोषण समर्थन के साथ विकसित किया गया हैं।

प्रमुख बिंदु

- **मत्स्य सेतु** ऐप का उद्देश्य देश के जलकृषकों के लिए नवीनतम मीठाजल कृषि प्रौद्योगिकियों का प्रसार करना है।
- ऐप में प्रजाति-वार / विषय-वार स्व-शिक्षण ऑनलाइन पाठ्यक्रम मॉड्यूल हैं, जहाँ प्रसिद्ध जलकृषि विशेषज्ञ कार्प, कैटफ़िश, स्कैम्पी जैसी व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण मछलियों के प्रजनन, बीज उत्पादन और ग्रो-आउट संवर्धन पर बुनियादी अवधारणाओं और व्यावहारिक प्रदर्शनों की व्याख्या करते हैं। मर्रेल, सजावटी मछली, मोती की खेती आदि।

संबंधित पहल:

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY):

- 10 सितंबर, 2020 को, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच वर्ष की अवधि अर्थात 2020-21 से 2024-25 तक 20,050 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश से PMMSY का शुभारंभ किया था।
- PMMSY का लक्ष्य 2024-25 तक 22 मिलियन मीट्रिक टन तक मछली उत्पादन अर्जित करना है और साथ ही लगभग 55 लाख लोगों के लिए अतिरिक्त रोजगार के अवसर जुटाना है।

मत्स्य और जलकृषि अवसंरचना विकास निधि (FIDF):

- FIDF जिसकी शुभारंभ 7,522.48 करोड़ रूपए के साथ 2018-19 में किया गया था समुद्री और अंतर्देशीय मत्स्य दोनों क्षेत्रों में मत्स्य अधोसंरचना सुविधाओं के निर्माण को पूर्ण करेगी।

नील क्रांति:

- दिसंबर 2015 में शुरू की गई केंद्र प्रायोजित योजना "नील क्रांति" को ध्यान में रखते हुए, इस क्षेत्र के

Follow us on Telegram
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

किसान क्रेडिट कार्ड (KCC):

- सरकार ने मछुआरों और मछली किसानों को KCC की सुविधा प्रदान करने से उन्हें कार्यशील पूंजी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

नोट:

- भारत एक अग्रणी मछली उत्पादक देश है और दुनिया में जलीय कृषि के माध्यम से मछली का दूसरा प्रमुख उत्पादक देश है।
- भारत वैश्विक मछली उत्पादन में लगभग 7.7% का योगदान देता है और देश मछली उत्पादों के वैश्विक निर्यात में चौथे स्थान पर है।
- **21 नवंबर, विश्व मत्स्य दिवस**
- **10 जुलाई, राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस**

स्रोत: PIB

GI प्रमाणित गुजरात के भालिया गेहूं का निर्यात

चर्चा में क्यों?

- **GI (भौगोलिक संकेतक)** प्रमाणित **भालिया किस्म के गेहूं** की पहली खेप **गुजरात से केन्या और श्रीलंका** को निर्यात की गई।

प्रमुख बिंदु

GI प्रमाणित भालिया गेहूं के बारे में:

- GI प्रमाणित गेहूं में प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है और यह स्वाद में मीठा होता है।
- भालिया फसल प्रमुख रुप से गुजरात के भाल क्षेत्र में पैदा की जाती है। भाल क्षेत्र में अहमदाबाद, आनंद, खेड़ा, भावनगर, सुरेंद्रनगर, भरूच जिले शामिल हैं।

नोट:

- गेहूं की भालिया किस्म को जुलाई, 2011 में भौगोलिक संकेत (GI) प्रमाणन प्राप्त हुआ था।
- GI प्रमाणीकरण का पंजीकृत प्रोपराइटर आणंद कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

भारत से गेहूं का निर्यात:

- वर्ष 2020-21 में, भारत से 4034 करोड़ रुपये का गेहूं निर्यात किया गया है। जो कि उसके पहले की वर्ष की तुलना में 808 फीसदी ज्यादा था। उस अवधि में 444 करोड़ रुपये का गेहूं निर्यात किया गया था।
- भारत ने वर्ष 2020-21 के दौरान यमन, इंडोनेशिया, भूटान, फिलीपींस, ईरान, कंबोडिया और म्यांमार जैसे 7 नए देशों को पर्याप्त मात्रा में अनाज का निर्यात किया।

भौगोलिक संकेत (GI) प्रमाणन:

- GI कुछ उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला नाम या संकेत है जो एक विशिष्ट भौगोलिक स्थान या मूल (उदाहरण के लिए, एक शहर, क्षेत्र या देश) से मेल खाता है।
- भारत में वस्तु के भौगोलिक संकेत (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 वस्तुओं से संबंधित भौगोलिक संकेतों के पंजीकरण तथा बेहतर सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करता है।
- भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री चेन्नई में स्थित है।
- यह विश्व व्यापार संगठन (WTO) के बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधी पहलुओं का भी एक हिस्सा है।

नोट: दार्जिलिंग चाय 2004-2005 में भारत में पहला **भौगोलिक संकेत (GI)** टैग उत्पाद बना।

स्रोत: PIB

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैबिनेट फेरबदल और नए मंत्रियों का पोर्टफोलियो

- **केंद्रीय मंत्रिपरिषद** में कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) शामिल हैं।
- परिषद का नेतृत्व भारत के प्रधानमंत्री करते हैं।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल भारत में सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है।
- अनुच्छेद 75 के अनुसार केवल प्रधानमंत्री और कैबिनेट मंत्री के पद के मंत्री केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य है।

नवीनतम कैबिनेट मंत्रियों की सूची और उनके विभाग:

पोर्टफोलियो	मंत्री
प्रधानमंत्री कार्मिक मंत्री, लोक शिकायत और पेंशन परमाणु ऊर्जा विभाग	नरेंद्र मोदी

Follow us on Telegram
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

अंतरिक्ष विभाग सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे और अन्य सभी विभाग जो किसी भी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं।	
रक्षा मंत्री	राजनाथ सिंह
विदेश मंत्री	सुब्रह्मण्यम जयशंकर
गृह मंत्री सहकारिता मंत्री	अमित शाह
वित्त मंत्री कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री	निर्मला सीतारमण
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री	नितिन गडकरी
वाणिज्य और उद्योग मंत्री उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री कपड़ा मंत्री	पीयूष गोयल
महिला और बाल विकास मंत्री	स्मृति जुबिन ईरानी
कानून और न्याय मंत्री	किरेन रिजिजू
जनजातीय मामलों के मंत्री	अर्जुन मुंडा
शिक्षा मंत्री कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री	धर्मेंद्र प्रधान
कृषि और किसान कल्याण मंत्री	नरेंद्र सिंह तोमर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री	वीरेंद्र कुमार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री रसायन और उर्वरक मंत्री	मनसुख एल मंडाविया
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्रम और रोजगार मंत्री	भूपेंद्र यादव
अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री	मुख्तार अब्बास नकवी
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री	महेंद्र नाथ पांडेय
संसदीय कार्य मंत्री कोयला मंत्रालय खान मंत्रालय	प्रल्हाद जोशी
जल शक्ति मंत्री	गजेंद्र सिंह शेखावत
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री	नारायण तातू राणे
पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री	पुरुषोत्तम रूपाला
रेल मंत्री संचार मंत्री	अश्विनी वैष्णव

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री	
बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री आयुष मंत्री	सर्बानंद सोनोवाल
ग्रामीण विकास मंत्री पंचायती राज मंत्री	गिरिराज सिंह
नागरिक उड्डयन मंत्री	ज्योतिरादित्य सिंधिया
इस्पात मंत्री	रामचंद्र प्रसाद सिंह
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री	पशुपति कुमार पारस
ऊर्जा मंत्री नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री	राज कुमार सिंह
संस्कृति मंत्री पर्यटन मंत्री उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास मंत्री	किशन रेड्डी
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री आवास मंत्री और शहरी मामलों मंत्री	हरदीप सिंह पुरी
सूचना और प्रसारण मंत्री युवा मामले और खेल मंत्री	अनुराग ठाकुर

नोट:

- सरकार ने **लोक उद्यम विभाग (जो भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय का हिस्सा था)** को **वित्त मंत्रालय** के तहत लाने के लिए एक अधिसूचना जारी की है।
- वित्त मंत्रालय के अधीन अब 6 विभाग हैं।
- अन्य 5 विभाग आर्थिक मामलों, व्यय, राजस्व, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन, और वित्तीय सेवा विभाग हैं।

स्रोत: pmindia.gov.in

खादी प्राकृतिक पेंट: 'ब्रांड एंबेसेडर'

चर्चा में क्यों?

- **सड़क परिवहन और राजमार्ग और MSME मंत्री नितिन गडकरी** ने अपने आपको खादी प्राकृतिक पेंट का "ब्रांड एंबेसेडर" घोषित किया।
- नितिन गडकरी ने जयपुर स्थित खादी प्राकृतिक पेंट की नई स्वचालित निर्माण इकाई का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- नया संयंत्र कुमारप्पा राष्ट्रीय हस्तनिर्मित कागज संस्थान, जयपुर के परिसर में स्थापित किया गया है, जो खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) की एक इकाई है।
- इससे पहले प्राकृतिक पेंट का निर्माण प्रोटोटाइप परियोजना पर मैन्युअली रूप से किया जा रहा था।

Follow us on Telegram
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

खादी प्राकृतिक पेंट के बारे में:

- खादी प्राकृतिक पेंट गाय के गोबर से बना भारत का पहला और एकमात्र पेंट है।
- इसे नितिन गडकरी द्वारा 12 जनवरी 2021 को लॉन्च किया गया था।
- इस नवाचार से अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए KVIC ने इस परियोजना को **प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम** के तहत शामिल किया है, जो रोजगार सृजन के लिए केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना है।

स्रोत: PIB

गोवा में 52वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI)

चर्चा में क्यों?

- **सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर** ने **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI)** के **52वें संस्करण** के लिए नियमों के साथ-साथ पोस्टर का विमोचन किया।
- यह फिल्म महोत्सव **20 से 28 नवंबर 2021 तक गोवा** में आयोजित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) के बारे में:

- IFFI को एशिया के सबसे पुराने और भारत के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में से एक माना जाता है।
- इस महोत्सव का आयोजन **भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के फिल्म महोत्सव निदेशालय** द्वारा गोवा की राज्य सरकार और भारतीय फिल्म उद्योग के सहयोग से किया जाएगा।
- IFFI को **इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन** से मान्यता प्राप्त है।

नोट: 'सिनेमा में उत्कृष्टता के लिए सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' को इसी वर्ष से प्रदान करना

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

शुरू किया गया है, जिसे हर साल **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव** में प्रदान किया जाएगा।

स्रोत: PIB

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का निधन

- कांग्रेस नेता और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- वीरभद्र सिंह नौ बार के विधायक, पांच बार के सांसद और छह कार्यकाल के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री थे।
- अपनी मृत्यु से पहले, उन्होंने सोलन जिले के अर्की विधानसभा क्षेत्र से विधायक के रूप में कार्य किया।
- **स्रोत: द हिंदू**

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now